RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : बुधवार 08 जनवरी 2025 | वर्ष 06 | अंक 266 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक रोकठोक लेखनी ®
खबरें बे-रोकटोक

## बोरिवली और भायखला में निर्माण कार्यों पर लगाई रोक मनपा ने हटाई...




Page - 4

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

# मुंबई: टोरेस जूलरी कंपनी में निवेशकों के करोड़ों रुपये फंसे

## कंपनी के मालिक पर फरार होने का आरोप

**मुंबई :** मीरा-भाईंदर में इन्वेस्टमेंट स्कीम में हजारों निवेशकों के करोड़ों रुपये अटकने का मामला प्रकाश में आया है। टोरेस जूलरी कंपनी पर पर आरोप है कि उसके मालिक हजारों निवेशकों के करोड़ों रुपये लेकर फरार हो गए हैं। सोमवार को कंपनी का मीरा-भाईंदर आउटलेट अचानक बंद हो गया, जिसके बाद स्टोर के बाहर निवेशकों की भीड़ लग गई। इस बारे में कंपनी के किसी भी अधिकारिक प्रतिनिधि से संपर्क नहीं हो सका है। नाम न छापने की शर्त पर कंपनी से जुड़ी एक महिला ने बताया कि उन्हें बताया गया है कि वेबसाइट में तकनीकी दिक्कत के कारण निवेशकों के रिटर्न्स उन्हें नहीं भेजे जा रहे हैं।




जानकारी के मुताबिक, 2023 में रजिस्टर्ड 'प्लैटिनम हरेन प्राइवेट लिमिटेड' कंपनी ने 2024 में 'टोरेस' ब्रैंड के तहत दादर में 30 हजार वर्गफीट का आउटलेट खोला। इसके बाद कंपनी ने मीरा-भाईंदर सहित अन्य जगहों पर आउटलेट खोले। कंपनी सोने, चांदी और मोइसैनाइट स्टोन (लैब निर्मित हीरे) खरीदने पर उतनी ही राशि पर क्रमशः 48, 96 और 520% तक सालाना रिटर्न्स का वादा करती थी। रिटर्न्स का भुगतान प्रति सप्ताह किया जाता था। दो सप्ताह से रिटर्न्स न आने से निवेशकों में हड़कंप मचा हुआ है। कंपनी निवेशकों को सोने, चांदी के बजाय मोइसैनाइट खरीदने पर जोर देती थी। इस पर सबसे ज्यादा रिटर्न भी दिया जाता था, जो कि साप्ताहिक 8 से 11% तक था। कंपनी की वेबसाइट के अनुसार, प्लैटिनम हरेन प्राइवेट लिमिटेड का रजिस्टर्ड ऑफिस गिरगांव की ओपेरा हाउस इमारत में है। कंपनी में इमरान जावेद, सर्वेश सुर्वे और ओलेना स्टाइएन तीन निदेशक हैं।

तीनों निदेशकों में अपना एड्रेस भी कंपनी के एड्रेस को ही दिखाया है। ऐडवोकेट तरुण शर्मा ने बताया कि उन्होंने इस स्कीम के बारे में कुछ हफ़्ते पहले ही पुलिस प्रशासन से शिकायत की थी। उनकी पहचान के ही कई लोगों ने लाखों रुपये निवेश किया है। इसी तरह, मोहम्मद आलम ने बताया कि उन्होंने हाल में अपने एक दोस्त के कहने पर 6 लाख रुपये निवेश किए थे। उनके दोस्त ने भी 9 लाख रुपये का निवेश किया था।

## मलाड इलाके में अजीब चोरी की घटना; कीमती सामान नहीं मिलने पर महिला को चूमा और भाग गया



मुंबई : मलाड इलाके में एक अजीब चोरी की घटना सामने आई थी. इस घटना ने सभी को हैरान कर दिया, जब एक चोर चोरी करने के लिए एक घर में घुसा, लेकिन फिर एक अजीब घटना के कारण भाग निकला. घटना मलाड के कुरार इलाके की है, जहां चोर ने पहले तो घर की तलाशी ली, लेकिन कुछ कीमती सामान नहीं मिलने पर कुछ ऐसा कर दिया कि हंगामा मच गया.

चोर चोरी के इरादे से घर में घुसा, घर में कोई कीमती सामान न देखकर उसने बिना कुछ समझे महिला को चूम लिया और फिर मौके से भाग गया. यह घटना महिला के लिए बेहद चौंकाने वाली थी और वह सदमे में आ गई. महिला ने तुरंत पुलिस को सूचित किया और घटना की जानकारी दी. घटना की सूचना मिलते ही मुंबई पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की. महिला की शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है. पुलिस द्वारा जुटाए गए सबूतों के आधार पर आरोपी की पहचान की गई और उसे जल्द ही गिरफ्तार कर लिया गया. आरोपियों की गिरफ्तारी से स्थानीय समुदाय में राहत की भावना आई, हालांकि यह घटना लोगों के लिए एक बड़े आश्चर्य के रूप में सामने आई.

## सड़क दुर्घटना में एक की मौत




**मुंबई :** आरे पुलिस थाने के अंतर्गत एक सड़क दुर्घटना का मामला सामने आया है जिसमें पुलिस ने ट्रक ड्राइवर को गिरफ्तार किया गया है। दरअसल दो युवक मोटरसाइकिल से जा रहे थे और तेज रफ्तार में थे। उन्होंने बस को ओवरटेक करने की कोशिश की। लेकिन सामने से आ रही ट्रक से वह टकरा गया। जिसमें एक की मृत्यु हो गई, जबकि दूसरा जख्मी है। दरअसल मोटरसाइकिल पर महेंद्र इंगले और साहिल झुंझुम सवारी कर रहे थे। तभी पिकनिक पॉइंट के पास अचानक बस को ओवरटेक करने के चक्कर में सड़क दुर्घटना हो गई। इस घटना में झुंझुम कई मृत्यु हो गई, जबकि इंगले गंभीर रूप से जख्मी है।

## वसई/ युवक पर जानलेवा हमला




**वसई :** वसई पुलिस स्टेशन क्षेत्र में एक 30 वर्षीय शख्स के ऊपर तेज धारदार हथियार से जानलेवा हमला होने की घटना सामने आई है। इस मामले में वसई पुलिस ने आरोपी के ऊपर अपराध दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार, संजय मनु दुबली (उम्र 30 वर्ष), निवासी -कोलीवाडी वसई पश्चिम में रहता है। शिकायतकर्ता ने अपनी शिकायत में बताया है कि, आरोपी आकाश गिरी (उम्र 27 वर्ष) ने संजय मनु के साथ हुए झगड़े से नाराज होकर उसे थप्पड़ मारा और उसके चेहरे, सिर और माथे के बाएं हिस्से पर तेज धारदार हथियार से वार कर उसे गंभीर घायल कर दिया।

## पालघर जिले में स्थित वधावन को मुंबई की तरह नए शहर के रूप में विकसित करने की योजना



**मुंबई :** महाराष्ट्र सरकार मुंबई की तर्ज पर नया शहर विकसित करने की योजना पर काम कर रही है. इसके लिए सरकार बड़े पैमाने पर बुनियादी ढांचे को अपग्रेड करने का काम कर रही है, इनमें बंदरगाहों का विकास, रेल नेटवर्क का निर्माण, तटीय सड़कें और हवाई अड्डे आदि शामिल हैं. दरअसल, महाराष्ट्र सरकार ने पालघर जिले में स्थित वधावन को मुंबई की तरह नए शहर के रूप में विकसित करने की योजना बनाई है. इस शहर में बड़े पैमाने पर बुनियादी ढांचे का काम चल रहा है. भारत सरकार ने पिछले साल भारत वधावन शहर में नया बंदरगाह बनाने के लिए परियोजना प्रस्ताव को मंजूरी दी थी. इस नए बंदरगाह में महाराष्ट्र, गुजरात, मध्य प्रदेश के पश्चिमी हिस्सों और उत्तर भारत के राज्यों को कवर करने वाले बड़े भीतरी इलाकों की जरूरतों को पूरा करने की क्षमता होगी.

दहानू के पास वधावन बंदरगाह के निर्माण के लिए कुल परियोजना लागत 76,220 करोड़ रुपये आंकी गई है. इस बंदरगाह को हर मौसम में काम आने वाले ग्रीनफील्ड डीप ड्राफ्ट प्रमुख बंदरगाह के रूप में विकसित किया जाएगा. बंदरगाह में नौ कंटेनर टर्मिनल होंगे, जिनमें से प्रत्येक 1000 मीटर लंबा होगा.

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सोमवार को एक उच्च स्तरीय बैठक के बाद कहा कि वधावन बंदरगाह केंद्र और राज्य दोनों सरकारों के लिए प्रमुख परियोजना बनने जा रही है, जिसका लक्ष्य दुनिया के शीर्ष 10 बंदरगाहों में से एक बनना है. उन्होंने कहा, ''देश का सबसे बड़ा वाणिज्यिक परिवहन यहां से संचालित होगा. बुलेट ट्रेन और तटीय सड़क इस क्षेत्र से होकर गुजरेगी. यहां चौथा मुंबई शहर विकसित किया जाएगा.'' भारत के पश्चिमी तट पर स्थित मुंबई महत्वपूर्ण बंदरगाह और व्यापार केंद्र है. इसे देश की आर्थिक राजधानी कहा जाता है.

### नया एयरपोर्ट बनाने की योजना

सरकार वधावन में नया हवाई अड्डा बनाने की भी योजना बना रही है. बैठक में फडणवीस ने नए शहर के दृष्टिकोण को साकार करने के लिए वधावन में नया एयरपोर्ट बनाने के लिए फैसले को बहुत जल्द अंतिम रूप देने की आवश्यकता पर जोर दिया. उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि प्रगति में रुकावट आने वाले किसी भी मुद्दे को हल करने के लिए जरूरी कदम उठाए जाएं, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि काम शीघ्रता से और कुशलता से पूरा हो.

## दादर : कॉलेज जा रही लड़की की चोटी काटकर आरोपी फरार



**मुंबई:** मुंबई के दादर में एक अजीब घटना सामने आई है. दादर रेलवे स्टेशन पर एक सिरफिरे ने लड़की की चोटी काट दी. लड़की को जब तक इस बात का अहसास हुआ कि उसकी चोटी किसी ने काट दी है, तब तक आरोपी मौका-ए-वारदात से फरार हो गया.

इस घटना ने साल 2017 की भयावह यादों को ताजा कर दिया है, जब उत्तरी भारत के हरियाणा, दिल्ली और राजस्थान जैसे राज्यों में 'चोटी कटवा' का खौफ फैला था. तब कई महिलाओं की रहस्यमयी तरीरे से बाल काटने की घटनाएं सामने आई थीं. इसके बाद लड़कियां काफी डर गई थीं और बाहर निकलने से पहले वे अपना सिर ढक लिया करती थीं. अब दादर में चोटी काटने की घटना सामने आई है, यहां एक लड़की माटुंगा के एक कॉलेज में जाने के लिए एक विशेष महिला लोकल ट्रेन से कल्याण से दादर स्टेशन पर उतरी थी.

## संपादकीय...



**फैसल शेख**
(प्रधान संपादक)

## स्त्री विरोधी अश्लील बदजुबानी...

दिल्ली अर्द्धराज्य का चुनाव गरमाने नहीं, उबलने लगा है। दिल्ली में कौन 'आपदा' है और कौन 'बदनसीब', 'घोटालेबाज' है? इन सवालों का विश्लेषण करने से पहले हम प्रधानमंत्री मोदी से जानना चाहेंगे कि क्या भाजपा बदजुबान नेताओं की भी पार्टी है? प्रधानमंत्री ऐसे नेताओं पर खामोश ही नहीं हैं, बल्कि उन्हें चुनाव में प्रत्याशी भी बनाया गया है। फिलहाल रमेश बिधूड़ी भाजपा के सबसे बदजुबान, असभ्य, अमर्यादित नेता के तौर पर कुख्यात हैं। वह दो बार लोकसभा सांसद और 3 बार विधायक रह चुके हैं। नौसीखिया, बचकाना या अपरिपक्व नेता नहीं हैं। भाजपा ने उन्हें दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी के खिलाफ कालकाजी विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवार बनाया है। कांग्रेस की अलका लांबा भी मुकाबले में हैं। बिधूड़ी ने एक सार्वजनिक मंच से कहा कि वह कालकाजी की सारी सडकें प्रियंका गांधी के गालों जैसी बनवा देंगे। यह अश्लील, असंगत उपमा देते हुए बिधूड़ी ने लालू यादव का उदाहरण दिया, जिन्होंने 2005 में बिहार की सडकें हेमामालिनी के गालों जैसी बनाने की घोषणा की थी। वह उपमा भी अश्लील थी और इस बार की उपमा भी भद्दी, महिला-विरोधी है। बिधूड़ी के बयान पर जबरदस्त राजनीतिक बवाल मचा, तो उन्होंने बयान वापस लेते हुए खेद व्यक्त किया, माफी नहीं मांगी। खेद जताने से ही अपराध की विद्रूपता कम नहीं हो सकती। बहरहाल इस प्रकरण के कुछ देर बाद ही बिधूड़ी ने उस मंच से, जहां से प्रधानमंत्री मोदी का संबोधन तय था, एक बार फिर बदजुबानी की और कहा कि आतिशी ने तो अपना बाप ही बदल लिया। यह एक महिला का नहीं, दिल्लीवालों और वहां की मुख्यमंत्री का अपमान है।

यह भद्दा, कुत्सित, महिला-विरोधी, आधी आबादी-विरोधी बयान लोकतंत्र का भी अपमान है। क्या ऐसी बदजुबानी पर प्रधानमंत्री भाजपा को वोट देने और आप-दा को बाहर करने का आह्वान कर सकते हैं? क्या दिल्ली की महिलाओं को ऐसे 'आदतन अपराधियों' को वोट देने चाहिए? दरअसल रमेश बिधूड़ी ऐसी बदजुबानी के 'आदी' हो गए हैं। उन्होंने बीती लोकसभा में विपक्षी सांसद दानिश अली को 'ओएङ्ग ओए..' कहकर संबोधित किया था और समूचे मुस्लिम समाज को 'आतंकवादी' करार दिया था। बिधूड़ी के खिलाफ एक जांच-समिति बिठाई गई, लेकिन उसका निष्कर्ष और निर्णय क्या रहा, क्या कार्रवाई की गई, आज तक कोई सार्वजनिक जानकारी नहीं है। बेशक भाजपा ने उन्हें लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी नहीं बनाया, क्योंकि क्षेत्र में उनके खिलाफ जन-लहर महसूस की जा रही थी।

editor@rokthoklekhaninews.com
+91 8657861004
Faisal Shaikh @faisalrokthok

ROKTHOK LEKHANI NEWS
KHABREIN BE ROKTOK
Watch Us On YouTube
LIKE SHARE COMMENT SUBSCRIBE
youtube@rokthoklekhani

## लड़की के पीछे एक बार चलना यह मानने के लिए पर्याप्त नहीं होगा कि 'पीछा करने' का अपराध किया गया - बॉम्बे हाईकोर्ट



**मुंबई:** बॉम्बे हाईकोर्ट की नागपुर बेंच ने 19 वर्षीय दो युवकों को बरी करते हुए कहा कि किसी लड़की के पीछे-पीछे एक बार चलना यह मानने के लिए पर्याप्त नहीं होगा कि 'पीछा करने' का अपराध किया गया है। हालांकि अदालत ने छेड़छाड़ के आरोप में उनमें से एक की सजा को बरकरार रखा। दोनों को 2022 में अकोला की एक सेशन कोर्ट ने 2020 में 14 वर्षीय लड़की से छेड़छाड़ और उसका पीछा करने के लिए दोषी ठहराया था।उन्हें छेड़छाड़ के आरोप में पांच साल और पीछा करने के आरोप में तीन साल जेल की सजा सुनाई गई थी।

अभियोजन पक्ष का मामला यह है कि दोनों ने लड़की का पीछा किया और उनमें से एक ने उससे कहा था कि वह उसे पसंद करता है और उससे शादी करना चाहता है। लड़की ने अपनी मां से शिकायत की थी। जिन्होंने युवकों के माता-पिता के सामने यह मुद्दा उठाया। हालांकि कुछ दिनों बाद लड़की से अपने प्यार का इजहार करने वाला युवक पीड़िता के घर पहुंचा और उसके साथ छेड़छाड़ की। जस्टिस जी ए सनप की सिंगल बेंच ने दिसंबर 2024 में दिए फैसले में, जिसकी एक प्रति सोमवार को उपलब्ध कराई गई, कहा कि छेड़छाड़ के आरोप में एक युवक को दोषी ठहराना सही है, लेकिन पीछा करने के आरोप में दूसरे युवक की दोषी ठहराना गलत है। हाईकोर्ट ने कहा कि यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि पीछा करने के अपराध के लिए अभियोजन पक्ष को यह साबित करना होगा कि आरोपी ने सीधे या इलेक्ट्रॉनिक, डिजिटल मीडिया के माध्यम से किसी का बार-बार या लगातार पीछा किया, उसे देखा या संपर्क किया। बेंच ने कहा कि पीछा करने के अपराध की इस अनिवार्य आवश्यकता को देखते हुए पीड़िता का पीछा करने का अकेला उदाहरण इस अपराध को साबित करने के लिए पर्याप्त नहीं होगा। बेंच ने एक युवक की पांच साल की सजा को भी घटाकर उस अवधि तक कर दिया, जिसे वह 2022 में अपनी गिरफ्तारी के बाद से जेल में बिता चुका है।

## अंधेरी पश्चिम में लक्ष्मी इंडस्ट्रियल एस्टेट के सामने लिंक रोड पर स्थित स्काईपैन अपार्टमेंट में आग...



**मुंबई:** मुंबई के अंधेरी पश्चिम इलाके में स्थित एक इमारत के फ्लैट में सोमवार को आग लग गई। यह घटना मुंबई के अंधेरी पश्चिम में लक्ष्मी इंडस्ट्रियल एस्टेट के सामने लिंक रोड पर स्थित स्काईपैन अपार्टमेंट में हुई। बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) के अनुसार, आग इमारत के एक फ्लैट में बिजली के तारों, बिजली के इंस्टॉलेशन, घरेलू सामान आदि तक ही सीमित थी। सूचना मिलते ही, दमकल विभाग के अधिकारी कई दमकल गाड़ियों के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे। घटना सोमवार रात करीब 10 बजे की बताई गई।

## ट्रक ड्राइवर पर ट्रैफिक पुलिस कांस्टेबल को थप्पड़ मारने का मामला दर्ज




**नवी मुंबई:** तुर्भे पुलिस ने एक ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है, जिसने एक ट्रैफिक पुलिस कांस्टेबल को थप्पड़ मारा। पुलिस ने उस पर गाड़ी चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल करने के लिए जुमार्ना लगाया था। घटना रविवार शाम को तुर्भे एमआईडीसी के इंदिरा नगर चौराहे पर हुई, जहां एक ट्रक चालक ने गाड़ी चलाते समय मोबाइल फोन पर बात करने के लिए ट्रैफिक पुलिस से ई-चालान के जरिए जुमार्ना मिलने से नाराज होकर ट्रैफिक पुलिस अधिकारी को थप्पड़ मार दिया। चालक की पहचान आदित्य यादव (34) के रूप में हुई है। उस पर महापे से बेलापुर की ओर 16 पहियों वाले ट्रक को चलाते समय फोन पर बात करने के लिए जुमार्ना लगाया गया था। तुर्भे एमआईडीसी पुलिस ने उसके खिलाफ सरकारी काम में बाधा डालने और पुलिस अधिकारी पर हमला करने का मामला दर्ज किया है।

शिकायतकर्ता पुलिस कांस्टेबल जयवंत पाटिल (38) तुर्भे ट्रैफिक ब्रांच में काम करते हैं और रविवार को पुलिस हेड कांस्टेबल पंकज पवार के साथ बीट मार्शल ड्यूटी पर थे। वे इंदिरा नगर में निवारा सर्कल के पास गश्त कर रहे थे। शाम करीब 6:30 बजे जब वे ड्यूटी पर थे, तो उन्होंने आदित्य यादव द्वारा चलाए जा रहे ट्रक को रोका, जो फोन पर बात कर रहा था। ट्रैफिक पुलिस ने गाड़ी चलाते समय फोन का इस्तेमाल करने और ड्राइविंग लाइसेंस न रखने के कारण ई-चालान मशीन के जरिए उस पर 4500 रुपये का जुमार्ना लगाया। इसके बाद कांस्टेबल पाटिल ने उसे ई-चालान की रसीद थमा दी। जुमार्ने से नाराज यादव ने पाटिल को थप्पड़ जड़ दिया। इसके बाद ट्रैफिक पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया और तुर्भे एमआईडीसी पुलिस स्टेशन में उसके खिलाफ शिकायत दर्ज कराई।

## मुंबई : अनियमित जलापूर्ति... नगर पालिका के वार्ड कार्यालय पर मार्च



**मुंबई :** 'पिछले छह-सात महीनों से गोरेगांव दिंडोशी इलाके में पानी की भारी किल्लत चल रही है और इलाके के लोगों ने नगर पालिका के वार्ड कार्यालय पर मार्च निकाला। इस मार्च का नेतृत्व इस वार्ड से शिवसेना (ठाकरे) पार्टी के विधायक सुनील प्रभु ने किया। इस बार पानी हमारा हक है, किसी और के बाप का नहीं, नल नहीं तो नगर निगम क्यों? जैसे नारे लगाते हुए रहवासियों ने नगर पालिका कार्यालय पर धावा बोल दिया। गोरेगांव दिंडोशी के नागरिक पिछले कुछ दिनों से अनियमित जलापूर्ति का सामना कर रहे हैं। कम दबाव पर पानी की आपूर्ति की जा रही है और पानी आने का समय भी निश्चित नहीं है। साथ ही अपर्याप्त आपूर्ति के कारण नागरिक आपस में झगड़ते हैं। पानी आने के बाद दस से पंद्रह मिनट ही चलता है। जो पानी मिलता है वह भी दूषित होता है। इससे इस इलाके के नागरिक परेशान हैं और सोमवार को रहवासियों ने विधायक सुनील प्रभु के नेतृत्व में नगर निगम पी पूर्व विभाग कार्यालय पर घागर मोर्चा निकाला। इसमें अधिकांश निवासियों ने भाग लिया। पानी हमारा अधिकार नहीं है, यह किसी और का है, पानी का नल नहीं है, नगर निगम क्यों? कौन कहता है हम देंगे या नहीं, हम इसे लिए बिना नहीं रहेंगे, हाय हाय, नगर निगम हाय हाय आदि।

## ठाणे : 40 वर्षीय व्यक्ति लड़की का पीछा करने और उसे परेशान करने के आरोप में गिरफ्तार



**ठाणे:** एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि ठाणे जिले के काशीमीरा में 40 वर्षीय व्यक्ति को एक किशोरी लड़की का कथित रूप से पीछा करने और उसे परेशान करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। काशीमीरा पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया कि वह 15 वर्षीय लड़की का नियमित रूप से पीछा करता था और उसे परेशान करता था। अधिकारी ने कहा, ''लड़की द्वारा अपने माता-पिता को इस घटना के बारे में बताने के बाद, उन्होंने उस पर नजर रखी और आज आरोपी को इस कृत्य में पकड़ लिया। कई लोगों द्वारा उसे अर्धनग्न अवस्था में परेड कराने के बाद उसे पुलिस को सौंप दिया गया। इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है।'' अधिकारी ने कहा कि उस पर भारतीय न्याय संहिता और यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण अधिनियम के प्रावधानों के तहत आरोप लगाए गए हैं।

# गोरेगांव ईस्ट के आरे कॉलोनी में सड़क दुर्घटना में 18 वर्षीय कॉलेज छात्र की मौत!

**मुंबई:** गोरेगांव ईस्ट के आरे कॉलोनी में एक सड़क दुर्घटना में 18 वर्षीय कॉलेज छात्र साहिल झुझम की मौत हो गई। यह दुर्घटना तब हुई जब कुर्ला वेस्ट में रहने वाले 45 वर्षीय सिराजुद्दीन मोहम्मद अयूब आगा सैयद द्वारा चलाए जा रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने एक मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। साहिल, जो पीछे बैठा था, की मौत हो गई, जबकि मोटरसाइकिल सवार 21 वर्षीय महेंद्र इंगले को गंभीर चोटें आईं।आरोपी ट्रक चालक पहले तो मौके से भाग गया, लेकिन बाद में पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। एक पुलिस अधिकारी ने कहा, ''ट्रक चालक दुर्घटना के बाद भाग गया, लेकिन बाद में उसे पकड़ लिया गया। उसके खिलाफ कोई पूर्व मामला नहीं पाया गया। न तो चालक और न ही पीड़ित शराब के नशे में थे। मृतक आरे इलाके के प्रजापुरपाड़ा में रहने वाला एक कॉलेज छात्र था।''




पुलिस के अनुसार, दुर्घटना रात करीब 9 बजे आरे कॉलोनी में पिकनिक गार्डन के पास हुई।ट्रक चालक सैयद कथित तौर पर तेज गति से गाड़ी चला रहा था और लापरवाही से लेन बदल रहा था, तभी उसने विपरीत दिशा से आ रही मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। मोटरसाइकिल चालक महेंद्र इंगले को गंभीर चोटें आईं, जबकि साहिल के सिर में गंभीर चोटें आईं। राहगीरों ने साहिल को अंधेरी ईस्ट के सेवन हिल्स अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बाद में उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए गोरेगांव पश्चिम के सिद्धार्थ अस्पताल भेज दिया गया। इंगले का निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

साहिल के 41 वर्षीय पिता संतोष झुझम ने आरे कॉलोनी पुलिस स्टेशन में ट्रक चालक के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 281 (तेज गति से गाड़ी चलाना), 106 (1) (लापरवाही से मौत का कारण बनना), और 125 (ए) और 125 (बी) (दूसरों की जान या व्यक्तिगत सुरक्षा को खतरे में डालने वाले कृत्य) के साथ-साथ मोटर वाहन अधिनियम के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया है। मामले की जांच आरे कॉलोनी पुलिस द्वारा वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक रवींद्र पाटिल की देखरेख में की जा रही है।


# माटुंगा : रोबोटिक पार्किंग टॉवर के खिलाफ विरोध प्रदर्शन... आरटीआई के जवाब का इंतजार




**मुंबई :** माटुंगा सेंट्रल रेलवे स्टेशन के बाहर 23 मंजिला रोबोटिक पार्किंग टॉवर के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे नागरिक कार्यकर्ताओं को 30 दिन से अधिक हो गए हैं और वे अभी भी अपने आरटीआई के जवाब का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने स्टेशन के पास मौजूदा पार्किंग स्थलों की संख्या और मुंबई फायर ब्रिगेड से अनापत्ति प्रमाण पत्र की एक प्रति मांगते हुए अनुरोध दायर किया। सूत्रों ने बताया कि बीएमसी के मुख्य अभियंता (सड़क और यातायात) गिरीश निकम ने कार्यकर्ताओं को उनके सवालों के जवाब देने के लिए सोमवार को एक और चर्चा के लिए आमंत्रित किया है। पिछली बैठक में, बीएमसी ऑन-रिकॉर्ड दस्तावेज उपलब्ध कराने में विफल रही, जो अनिवार्य रूप से सार्वजनिक डोमेन में होने चाहिए।

आरटीआई दायर करने वाले कार्यकर्ता चेतन त्रिवेदी ने कहा, ''मैंने बिल्डिंग प्रपोजल (बीपी) विभाग और फायर ब्रिगेड कार्यालय का शारीरिक रूप से दौरा किया है। मुझे बीपी विभाग से जवाब मिला, जिन्होंने मुझे पार्किंग स्थलों की संख्या बताने के लिए भूखंडों का सीएस नंबर प्रदान करने के लिए कहा है। बीएमसी हमें कोई स्पष्ट जवाब देने में असमर्थ है और एक विभाग से दूसरे विभाग पर जिम्मेदारी डाल रही है। जबकि डिप्टी चीफ फायर ऑफिसर ने कहा कि मेरे आरटीआई के जवाब पर काम चल रहा है। फायर ब्रिगेड ने पहले कहा था कि जिस प्लॉट पर प्रोजेक्ट की योजना बनाई गई है, उसमें डेवलपमेंट प्लान के अनुसार सिटी सर्वे नंबर नहीं है, इसलिए सिस्टम में एनओसी की कॉपी उपलब्ध नहीं है। उल्लेखनीय है कि बीएमसी ने 2023 में आवश्यक एनओसी से पहले ही वर्क ऑर्डर दे दिया था, जिसमें रेलवे से एनओसी भी शामिल है, जो 2024 में प्राप्त हुई थी। बीएमसी ने ऑफलाइन सिस्टम के माध्यम से ठेका भी दिया, जिससे नागरिक कार्यकर्ता और भी नाराज हो गए। इसके अलावा, रेलवे स्टेशन के बाहर की तंग जगह, जहाँ पार्किंग टॉवर की योजना बनाई गई है, में सिटी सर्वे नंबर नहीं है। याचिका समूह के ट्रस्टी जीआर वोरा ने कहा, ''यह 126 करोड़ रुपये की परियोजना है, जो करदाताओं के पैसे से बनी है।

# छात्रों के बीच चाकू बाजी, दो छात्र जख्मी... सायन अस्पताल में चल रहा इलाज



**मुंबई :** सायन के एक स्कूल में दो छात्रों पर हमला करने का मामला सामने आया है। घटना में दो छात्र जख्मी हो गए हैं। घटना सोमवार सुबह की है, जब सायन कोलीवाड़ा के एक स्कूल में चार लोगों के बीच सीट पर बैठने को लेकर तीखी बहस हुई और उन्होंने दो सहपाठियों पर हमला कर दिया। जख्मी को अस्पाल में भर्ती करवाया गया है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक यह घटना सुबह की असेंबली के दौरान हुई, जब कक्षा 10 के चार छात्रों के बीच डेस्क पर बैठने को लेकर विवाद हो गया। बहस हाथापाई में बदल गई, जिसके दौरान एक छात्र ने अपने दोस्त को बैग से चाकू निकालने को कहा। इसके बाद चाकू से अन्य दो छात्रों पर कई बार हमला किया गया। प्रिंसिपल समेत स्कूल स्टाफ ने तुरंत कार्रवाई की और 15 साल की उम्र के दोनों घायल लड़कों को सायन अस्पताल में भर्ती कराया। फिलहाल उनका आईसीयू में इलाज चल रहा है।

# मनपा ने गोरेगांव पश्चिम 14 दुकानों को जमींनदोज किया...

## स्वामी विवेकानंद रोड को चौड़ा करने का रास्ता साफ

**मुंबई :** गोरेगाव स्वामी विवेकानंद रोड को चौड़ा करने में बाधा बने 14 दुकानों को मनपा पी साउथ वार्ड ने जमींनदोज कर दिया। मनपा द्वारा की गई इस कार्रवाई से स्वामी विवेकांनद सड़क को चौड़ा करने का रास्ता साफ हो गया है। मनपा की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार गोरेगांव पश्चिम स्थित स्वामी विवेकानंद मार्ग के रास्ते में आने वाली 14 अवैध दुकानों को सोमवार को जमिदोस्त किया गया। इन दुकानों के निष्कासन से स्वामी विवेकानंद मार्ग के सड़क चौड़ीकरण में मदद मिलेगी। जिससे ट्रैफिक की एक बड़ी समस्या दूर होगी। स्वामी विवेकानंद मार्ग के चौड़ीकरण



की प्रक्रिया में यह दुकान अड़चन पैदा कर रही थी। यह दुकान 1960 से पहले की होने के कारण सड़क की कुल 27.45 मीटर (90 फीट) चौड़ाई में से केवल 12 मीटर ही यातायात के लिए उपलब्ध थी। इससे इलाके में सुबह और शाम के समय ट्रैफिक जाम की समस्या होती थी। मनपा द्वारा इस क्षेत्र के 14 दुकानों को निष्कासित करने के बाद लगभग 500 मीटर सड़क को यातायात के लिए खोल दिया गया है।

# 30 जून तक खुल पाएगा गोखले ब्रिज का दूसरा हिस्सा



**मुंबई :** अंधेरी पश्चिम और पूर्व को जोड़ने वाले गोखले ब्रिज का दूसरा हिस्सा 30 जून तक खुल पाएगा। मनपा की लाख कोशिशों के बावजूद ब्रिज का निर्माण कार्य समय पर पूरा नहीं हो पा रहा है। इस ब्रिज का एक हिस्सा पिछले साल फरवरी महीने में खोला गया था उसके बाद से दूसरे हिस्से को खोलने की तारीख पर तारीख दी जा रही है। मनपा के एक अधिकारी ने बताया कि दूसरे चरण के काम में रेलवे ट्रैक के पूर्वी हिस्से में जमीन से 14 से 15 मीटर की ऊंचाई पर दक्षिणी लोहे के गर्डर लगाने का काम पूरा हो चुका है। इस बीम के पूरी तरह से खिसकने के बाद रोड लाइन में आरसीसी सपोर्ट कॉलम पर बीम रखने के लिए बीम को 14 से 15 मीटर की ऊंचाई से 8 मीटर लेवल तक नीचे करने का काम पूरा किया जा रहा है। किसी ब्रिज के काम में गर्डर को 14 से 15 मीटर की ऊंचाई से एक निश्चित ऊंचाई तक नीचे लाने की यह भारत की पहली परियोजना है। गर्डर को नीचे लाने की प्रक्रिया फरवरी में पूरा होने की उम्मीद है।


# मुंबई: 2,000 से अधिक ऑटोरिक्शा नियमों का उल्लंघन करते पाए गए और 24.53 लाख रुपये का जुमार्ना वसूला गया

**मुंबई:** पुलिस और परिवहन अधिकारियों द्वारा पूर्वी उपनगरों में चलाए गए अभियान के दौरान 2,000 से अधिक ऑटोरिक्शा नियमों का उल्लंघन करते पाए गए और 24.53 लाख रुपये का जुर्माना वसूला गया, एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। मुंबई पुलिस और वडाला क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) द्वारा 30 और 31 दिसंबर को चलाए गए संयुक्त अभियान में पाया गया कि पूर्वी उपनगरों में चलने वाले 40 प्रतिशत ऑटोरिक्शा नियमों का उल्लंघन कर रहे थे।एक वरिष्ठ आरटीओ अधिकारी ने कहा कि 5,425 ऑटोरिक्शा में से 2,130 अपनी सेवा अवधि से अधिक समय से चल रहे थे और उनके पास वैध फिटनेस प्रमाणपत्र, बीमा, पीयूसी प्रमाणपत्र या सार्वजनिक सेवा परमिट नहीं थे। उन्होंने कहा कि



वैध फिटनेस प्रमाणपत्र, सार्वजनिक सेवा वाहन परमिट या दोनों के बिना चलने के कारण 261 ऑटोरिक्शा जब्त किए गए। आरटीओ अधिकारी ने कहा, ''हमें दो ऑटोरिक्शा मिले जो अपनी आयु सीमा से अधिक समय से चल रहे थे, लेकिन फिर भी अवैध रूप से यात्रियों को ले जा रहे थे।'' उन्होंने कहा कि कुछ चालक वैध लाइसेंस, बैज या वर्दी के बिना पाए गए।

# घाटकोपर में रमाबाई अंबेडकर नगर की 10,500 संरचनाओं का सर्वेक्षण



**मुंबई :** घाटकोपर में रमाबाई अंबेडकर नगर पुनर्विकास परियोजना के तहत, झोपड़पट्टी पुनर्वास प्राधिकरण ने 10,500 संरचनाओं का सर्वेक्षण पूरा कर लिया है और निवासियों की पात्रता निर्धारण पूरा कर लिया है। पहले चरण में एन 19 में 4053 झोपड़ियों को खाली करने और हटाने का काम सितंबर में शुरू हुआ था। तदनुसार, झोपड़पट्टी प्राधिकरण ने सितंबर से दिसंबर 2024 की अवधि के दौरान 4053 झोपड़ियों में से 2,500 को हटा दिया है और झोपड़पट्टी प्राधिकरण जल्द ही शेष 1,500 झोपड़ियों को खाली करने और पहले चरण में पूरे भूखंड को खाली करने और इस भूखंड को मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण (एमएमआरडीए) को हस्तांतरित करने की योजना बना रहा है। एमएमआरडीए घाटकोपर से ठाणे तक पूर्व फ्रीवे का विस्तार करेगा। इस विस्तार में, रमाबाईनगर और कामराजनगर में कुछ झोपड़ियों को विस्थापित किया जाना था।

विस्थापित झोपड़ियों के पुनर्वास की जिम्मेदारी एमएमआरडीए ने ली और उसके बाद राज्य सरकार ने संयुक्त भागीदारी के आधार पर रमाबाईनगर और कामराजनगर की संपूर्ण 16,575 झोपड़ियों के पुनर्वास की जिम्मेदारी एमएमआरडीए को दी। तदनुसार, यह परियोजना झोपु प्राधिकरण और एमएमआरडीए द्वारा संयुक्त रूप से कार्यान्वित की जा रही है। तदनुसार, झोपु प्राधिकरण के पास निर्माण का सर्वेक्षण, पात्रता निर्धारित करने और झोपड़ियों को खाली करने और खाली भूखंड को एमएमआरडीए को सौंपने का काम है। तदनुसार, झोपु के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पात्रता निर्धारित करने और झोपड़ियों को खाली करने का काम वर्तमान में झोपु प्राधिकरण द्वारा चल रहा है। रमाबाईनगर और कामराजनगर की 16575 झोपड़ियों में से केवल 14454 झोपड़ियों का ही वास्तव में पुनर्विकास किया जाएगा पुनर्वास परियोजना को एमएमआरडीए द्वारा दो चरणों में क्रियान्वित किया जाएगा।

इसलिए, पहले चरण में झोपड़ियों को खाली करने का काम वर्तमान में झुग्गी विभाग द्वारा चल रहा है। तदनुसार, पहले चरण में 4053 में से 2827 झोपड़ियों के धारकों की पात्रता पूरी हो गई है। अधिकारियों ने बताया कि अब तक 2500 हजार लोगों की झोपड़ियाँ खाली कर दी गई हैं। शेष झुग्गीवासियों की पात्रता की प्रक्रिया चल रही है। अधिकारियों ने यह भी कहा कि पात्रता जल्द से जल्द पूरी की जाएगी, पहले चरण की झुग्गियाँ हटा दी जाएंगी, भूखंड खाली कर दिया जाएगा और इसे एमएमआरडीए को सौंप दिया जाएगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि चूंकि दूसरे चरण की झुग्गियों को खाली करने की प्रक्रिया में समय लगेगा, इसलिए पहला चरण पूरा होने के बाद दूसरे चरण की झुग्गियों को हटाने का काम शुरू होगा। जोपू प्राधिकरण ने 6 सितंबर 2024 को पहले चरण के निर्माण के लिए एमएमआरडीए को आशय पत्र दिया है। इस चरण के भवन क्रमांक 1 और 2 के निर्माण प्रस्ताव और नक्शे को जोपू द्वारा 13 दिसंबर 2024 को मंजूरी दी गई है। इसलिए, एमएमआरडीए ने सूचित किया है कि पहले चरण के निर्माण के लिए एक ठेकेदार नियुक्त करने के लिए जल्द ही एमएमआरडीए द्वारा एक निविदा

# नाले में नालासोपारा : स्वच्छ भारत मिशन की पोल खोलती वसई-विरार महानगरपालिका



**नालासोपारा :** एक ओर वसई- विरार शहर मनपा 'स्वच्छ भारत स्वच्छ वसई' के तहत बेहतर साफ- सफाई का दावा कर रही है, वहीं दूसरी ओर क्षेत्र के नालों में फैली गंदगी मनपा के इस दावे की पोल खोल रही है। नालों में जमा गंदे पानी में मच्छर इस कदर पड़े हैं, जैसे कोई चादर बिछी हुई हो। फिलहाल मनपा क्षेत्र में गंदगी के बीच पनप रही बीमारियों ने नागरिकों की परेशानी बढ़ा दी है। बता दें कि संतोष भवन, शमार्वाड़ी, कारगिल नगर, बावस- तपाडा, वाकनपाड़ा, धानिवबाग, गौराईपाड़ा, वलईपाड़ा, वालीव और सातिवली आदि क्षेत्रों में नाले गंदगी से भरे पड़े हैं। नालों पर प्लास्टिक और अन्य कचरा सतह पर आ गया है। भारी बारिश की चेतावनी के बीच यहां के नागरिकों में भय का माहौल है। लोगों का कहना है कि मनपा ने सफाई के नाम पर करोड़ों रुपए आखिर खर्च कहां किए। नालों की पूरी तरह सफाई करने का दावा करने वाली मनपा की पोल कचरे से पटे नालों ने खोल दी है। यहां छोटे-बड़े नाले इस कदर भरे पड़े हैं, जैसे कचरा उफान पर हो। गर्मियों में पानी की किल्लत, बारिश में पानी भरने व बिजली कटौती की समस्या, गंदगी के कारण मच्छरों से फैलने वाली बीमारियों से नालासोपारा में रहने वालों का नसीब बन गया है। जिन मूलभूत सुविधाओं को लेकर सभी पार्टियां वोट मांग कर मनपा का चुनाव जीतकर सत्ता सम्हालती हैं।

# मुंबई: ताज होटल में मिली एक ही नंबर प्लेट वाली 2 कारें...

## सीएम के कार्यक्रम से पहले सनसनीखेज घटना




**मुंबई:** विश्व प्रसिद्ध ताज होटल के आसपास एक ही नंबर प्लेट वाली दो कारें मिली हैं। होटल में चेकिंग के दौरान यह चौंकाने वाली घटना सामने आई। इसकी जानकारी पुलिस को दी गई। कोलाबा पुलिस घटना की जांच कर रही है। फिलहाल दोनों कारों को पुलिस ने जब्त कर लिया है। कार चालक से पूछताछ जारी है। दरअसल ताज होटल और उसका परिसर मुंबई का बेहद संवेदनशील इलाका माना जाता है। उक्त स्थान पर इस तरह की घटना को पुलिस ने गंभीरता से लिया है।

दरअसल ताज होटल के इलाके में दो सफेद रंग की कारें मिलीं हैं। इनका नंबर एक समान है। दोनों गाड़ियों पर टल्र01एए2388 जैसी नंबर प्लेटें देखी गईं। 26/11 के आतंकवादी हमले के दौरान ताज होटल को निशाना बनाया गया था। इसलिए तब से इस इलाके में काफी सुरक्षा है। इस इलाके में भारी संख्या में पुलिस फोर्स तैनात है। ताज की अपनी निजी सुरक्षा व्यवस्था है। एक ही नंबर की दो कारें मिलने पर सिस्टम अलर्ट हो गया। इसकी जानकारी तुरंत कोलाबा पुलिस को दी गई।


ताज होटल क्षेत्र में हमेशा भारी पुलिस मौजूदगी रहती है। सोमवार को होटल में एक समिट का आयोजन किया गया। इसमें असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा आए थे। चूंकि एक बहुत ही महत्वपूर्ण व्यक्ति आ रहा था। लिहाजा ताज क्षेत्र में अधिक सुरक्षा तैनात की गई थी। तभी क्षेत्र में एक ही नंबर की दो कारें मिलीं। इससे सनसनी मच गई।

# मुंबई : 13.48 करोड़ की धोखाधड़ी में फर्म, प्रबंधन के खिलाफ केस दर्ज




**मुंबई :** जमा राशि पर मोटे मुनाफे का वादा कर निवेशकों से 13.48 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के आरोप में फर्म प्लेटिनम हर्न प्राइवेट लिमिटेड और उसके निदेशकों पर केस दर्ज किया गया। मुंबई पुलिस के एक अधिकारी ने सोमवार को कहा कि आरोपियों की पहचान प्लेटिनम हर्न प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक सर्वेश अशोक सुर्वे, विक्टोरिया कोवलेंको, सीईओ तौफीक रियाज उर्फ जॉन कार्टर, महाप्रबंधक तानिया कोसाटोवा और कंपनी के स्टोर प्रभारी वेलेंटीना कुमार एवं अन्य के रूप में हुई है। 'टोरेस' ब्रांड संचालित करने वाली कंपनी ने कई निवेशकों से धोखाधड़ी के बाद मुंबई और आसपास के इलाकों में कई शाखाएं बंद कर दीं। ठगी का अहसास होने के बाद कई निवेशकों ने पुलिस से संपर्क किया। निवेशकों की ओर से पुलिस को दी शिकायत में कहा कि फर्म ने निवेश पर 6 प्रतिशत साप्ताहिक रिटर्न का वादा किया था। निवेशकों को अपने रिटर्न का कुछ हिस्सा 30 दिसंबर तक प्राप्त होता रहा। इसके बाद कंपनी ने भुगतान रोक दिया।

# बोरिवली और भायखला में निर्माण कार्यों पर लगाई रोक मनपा ने हटाई...




**मुंबई :** बढ़े वायु प्रदूषण से बोरीवली पूर्व और भायखला के प्रोजेक्ट पर लगाई गई रोक मनपा प्रशासन ने इस परिसर में प्रदूषण काम होने पर लगाई गई पाबंदी हटा ली है। मनपा ने स्पष्ट किया है कि निर्माण स्थलों पर प्रदूषण नियंत्रण के लिए सभी आवश्यक कार्रवाई करनी होगी। यदि किसी निर्माण परियोजना में नियमों का उल्लंघन पाया जाता है और बार-बार चेतावनी देने के बावजूद मानदंड पूरे नहीं किए जाते, तो उन विशेष परियोजनाओं पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी और आवश्यकता पड़ने पर उन पर पाबंदी भी लगाई जा सकती है। बता दें कि मुंबई में हवा की गुणवत्ता में आई गिरावट के कारण मनपा आयुक्त भूषण गगरानी ने पिछले सप्ताह बोरिवली पूर्व और भायखला में सभी निर्माण कार्यों पर पूरी तरह से पाबंदी लगाई थी। मनपा आयुक्त ने कहा था जब तक इस परिसर का वायु प्रदूषण दूर नहीं होता तब तक किसी भी निर्माण कार्य को करने की अनुमति नहीं होगी। मनपा आयुक्त ने कहा था की बार बार की चेतावनी के बाजोड़ इस परिसर में चल रहे निर्माण कार्यों के मालिकों प्रदूषण रोकने के ठोस उपाय नहीं किए जिससे इस परिसर में अधिक वायु प्रदूषण बढ़ा। मनपा प्रशासन ने जानकारी दी कि इस पाबंदी का सकारात्मक असर हुआ और बोरिवली पूर्व और भायखला का वायु गुणवत्ता स्तर अब बेहतर श्रेणी में आ गया है।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। मोबाइल नं 998777 5650, Email-editor@rokthoklekhaninews.com